**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**07.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**" मुख्य समाचार"**

- भारतीय सेना ने पाकिस्तान व पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में ऑपरेशन सिंदूर के तहत नौ आतंकी ठिकानों को किया नष्ट।
- कांग्रेस व भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर को सराहा–कार्रवाई को बताया आतंकवाद के खिलाफ करारा जवाब।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य प्रबंधों को लेकर शिमला में उच्च अधिकारियों के साथ की बैठक।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लाहौल स्पिति के उदयपुर में साढ़े 4 करोड़ रूपए की लागत से बने डबल लेन पुल भीम सेतु का वर्चुअल माध्यम से किया लोकार्पण।

**ऑपरेशन सिंदूर**

भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों को कल रात नष्ट कर दिया गया। नई दिल्ली में भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और विदेश मंत्रालय की संयुक्त प्रेस वार्ता में भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी और भारतीय वायु सेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन कल रात एक बजकर पांच मिनट से एक बजकर तीस मिनट तक चलाया गया। प्रेस वार्ता में हमले में नष्ट किए गए आतंकवादी स्थल और सैन्य तथा नागरिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाए बिना सफलतापूर्वक चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की विस्तृत जानकारी दी गई।

**मुख्यमंत्री**

इस बीच सभी राजनीतिक दलों ने भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा की है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सेना को बधाई देते हुए कहा है कि हिमाचल की जनता भारतीय सेना के साथ खड़ी है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेना को बधाई देते हुए कहा है कि देश का हर नागरिक केन्द्र सरकार के साथ खड़ा है और पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब देने के लिए तैयार है।

**प्रतिक्रिया**

इस बीच नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय सेना द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्रवाई को आतंकवाद के खिलाफ करारा जवाब बताया है।

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा है कि यह न केवल आतंकी ठिकानों पर सीधा हमला है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश भी है कि भारत की आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलेरेंस की नीति है और आतंकी हमलों का मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।

*पहलगाम में 22 अप्रैल 2025 को आतंकी हमले के उपरांत जिसमें हमारे 25 नागरिक और एक नेपाल के नागरिक की जान चली गई थी। उसी के संदर्भ में भारत ने आज रात पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सबक सिखाने का काम किया। उससे ये जाहिर होता है कि भारत की आतंकवाद के विरूद्व जीरो टॉरलेंस की नीति है और जो भी ताकत भारत के विरूद्व इस तरह की हमले करेगा उसे मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा।*

**राज्यपाल–प्रतिक्रिया**

सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने सेना व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साधुवाद देते हुए इस मिशन की सराहना की है।

**अनुराग**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कहा कि सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के गुनहगारों को सजा देने का वायदा पूरा कर देश को गौरवान्वित कर दिया है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने दिखा दिया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी सम्प्रभुता, निजता, एकता और किसी भी भारत विरोधी गतिविधियों का मुंहतोड़ जवाब देना जानता है।

**मुख्यमंत्री–बैठक**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने भारतीय सेना द्वारा 'ऑप्रेशन सिंदूर' के सफल संचालन के बाद आज शिमला में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन व्यवस्था, खाद्यान्न आपूर्ति, संचार व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, आपदा प्रबन्धन, स्वास्थ्य सेवाएं सहित विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा की और विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न प्रबन्धों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती इलाकों में स्कूलों को बंद या खुला रखने को लेकर उपायुक्तों को स्थिति के अनुसार फैसला लेने के लिए अधिकृत किया गया है।

**राज्यपाल**

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज नई दिल्ली स्थित बी.आर.ओ. के 66वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान वर्चुअल माध्यम से लाहौल स्पिति जिले के उदयपुर में नवनिर्मित डबल लेन पुल भीम सेतु का लोकार्पण किया। इस दौरान राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बिलासपुर से इस समारोह में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। राज्यपाल ने कहा कि सामरिक महत्व के इस पुल के निर्माण पर 4 करोड़ 70 लाख रूपए की लागत आई है और इससे क्षेत्र में कनेक्टिविटी और परिवहन व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार होगा।

**'' मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- भारतीय सेना ने पाकिस्तान व पाकिस्तान अधिकृत जम्मू–कश्मीर में ऑपरेशन सिंदूर के तहत नौ आतंकी ठिकानों को किया नष्ट।
- कांग्रेस व भाजपा ने ऑपरेशन सिंदूर को सराहा–कार्रवाई को बताया आतंकवाद के खिलाफ करारा जवाब।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य प्रबंधों को लेकर शिमला में उच्च अधिकारियों के साथ की बैठक।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लाहौल स्पिति के उदयपुर में साढ़े 4 करोड़ रूपए की लागत से बने डबल लेन पुल भीम सेतु का वर्चुअल माध्यम से किया लोकार्पण।